शुक्रवार
21 अक्टूबर 2022
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

महिलाओं को 50% आरक्षण दिलाने के लिए होगी महिला अधिकार रैली : ओपी राजभर 4

छोटी खबरें

बिहार के 11 बच्चे कश्मीर में बंधक बने, रिहाई का प्रयास तेज

पटना। बिहार के 11 नाबालिग बच्चों को कश्मीर में बंधक बना लिया गया है। बंधक बनाए जाने की सूचना पर सकते में आए श्रम मंत्री सुरेंद्र राम ने उनकी सकुशल रिहाई के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया है। ये बच्चे शेखपुरा जिले के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार शेखपुरा के 11 बच्चों को काम दिलाने के नाम पर दिल्ली के रास्ते कश्मीर ले जाया गया, जहां उन्हें बंधक बना लिया गया। बाद में किसी ने कॉल कर उनके परिजन से 1.20 लाख रुपये मांगे। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई गई। संयुक्त श्रमायुक्त, बिहार भवन, नई दिल्ली और संत नगर, जम्मूकश्मीर, सेक्टर 26 के संबंधित अधिकारियों से भी संपर्क स्थापित कर नाबालिग बच्चों को मुक्त कराने का आग्रह किया गया। शेखपुरा के जिला अधिकारी ने एक पुलिस टीम का गठन किया है जो जम्मू कश्मीर जाकर बच्चों को मुक्त कराएगी। दोषियों पर कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

आईएस से जुड़ा आतंकी बनारस से गिरफ्तार

बनारस। वाराणसी से बुधवार की शाम एनआईए को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आईएस के लिए काम करने वाले एक आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। लालपुर थाना क्षेत्र के मकबूल आलम रोड स्थित कच्ची बाग इलाके से 24 वर्षीय बासित कलाम सिद्दीकी को पकड़ा गया है। उसकी घर की तलाशी में आईएसआईएस से संपर्क के सबूतों के साथ आतंकी साहित्य, आईईडी बनाने के हाथ से लिखे नोट्स के अलावा लैपटॉप, मोबाइल और पेन ड्राइव में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। आतंकी को गिरफ्तार करने के साथ ही एनआईए ने उसके पिता और भाई से भी पूछताछ की। भारत में आईएसआईएस के ह्यवॉयस ऑफ हिंदह्न मॉड्यूल पर 29 जून 2021 को एनआईए ने मामला दर्ज किया था। इस मामले में पहले भी उमर निसार उर्फ कासिम खुरासानी सहित छह की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पीएम मोदी की नसीहत... एसी का तापमान 18 की बजाय 24 पर रखें, बिजली बचाएं

एजेंसी/दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कुछ लोग एसी के तापमान को 17-18 डिग्री तक रखना पसंद करते हैं। इससे पर्यावरण पर नकारात्मक असर होता है। उन्होंने कहा कि एसी का तापमान 18 डिग्री पर रखने और फिर कंबल ओढ़ने से अच्छा है कि उसके तापमान को 24 डिग्री पर रखा जाए। इससे बिजली की खपत कम होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने जिम जाने वालों को भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि कार से जिम जाने से बेहतर पैदल चलकर जाना है। इससे स्वास्थ्य में सुधार तो होगा ही, साथ ही ईंधन और ऊर्जा की भी बचत होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह बात मिशन लाइफ अभियान के शुभारंभ पर कही। उन्होंने और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को गुजरात के केवड़िया में इस मिशन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि मिशन लाइफ का मंत्र हर छोटी कार्रवाई मायने रखती है, है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर यह भी कहा कि मिशन लाइफ पी3-प्रो-प्लैनेट-पीपल के विचार को मजबूती प्रदान करेगा।

पिघल रहे ग्लेशियर, बढ़ रहा समुद्र का स्तर

पीएमओ ने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में मिशन लाइफ भारत के नेतृत्व वाला वैश्विक जन आंदोलन बन सकता है। यह पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास करेगा। पीएमओ ने कहा, जलवायु परिवर्तन का प्रभाव दिख रहा है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं। समुद्र का स्तर बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि मिशन लाइफ पी3-प्रो-प्लैनेट-पीपल के विचार को मजबूत करेगा। यह मिशन इस पृथ्वी पर सभी लोगों को एक समान लक्ष्य के लिए एकजुट करने की कल्पना करता है।

दिवाली पर मोदी 75,000 युवाओं को देंगे नौकरी का तोहफा

एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिवाली पर देशभर के 75,000 युवाओं को नौकरी का गिफ्ट देने जा रहे हैं। वह 22 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए युवाओं से जुड़ेंगे। इस दौरान 75,000 युवाओं को नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। इस साल जून में मोदी ने ऐलान किया था कि उनकी सरकार अगले डेढ़ साल में यानी 2023 दिसंबर तक 10 लाख नौकरियां देगी। बेरोजगारी के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियां अक्सर मोदी सरकार पर सवाल खड़ा करती रही हैं। सभी विभागों और मंत्रालयों की समीक्षा के बाद इस दिशा में मिशन मोड में काम शुरू हो गया था। इसी के तहत मोदी 75,000 युवाओं को रोजगार का नियुक्ति पत्र देंगे। इस दौरान युवाओं को रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय, सीआईएसएफ, सीबीआई, कस्टम, बैंकिंग समेत कई अन्य क्षेत्रों में नौकरियों की घोषणा की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 75 हजार सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए जाने के शनिवार को प्रस्तावित वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान विभिन्न केंद्रीय मंत्री ऑनलाइन जुडेंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ओडिशा से, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया गुजरात से, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर चंडीगढ़ से, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल महाराष्ट्र से, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव राजस्थान से, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तमिलनाडु से, भारी उद्योग मंत्री उत्तर प्रदेश से, जनजाति मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा झारखण्ड से और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह बिहार से जुड़ेंगे। इन मंत्रियों के अतिरिक्त, देश के कई शहरों से अन्य मंत्री भी 75,000 सरकारी नौकरियों के पीएम मोदी के दिवाली गिफ्ट कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। इस आयोजन से प्रधानमंत्री युवाओं व देशवासियों को संदेश भी देंगे।

सियासत तेज: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चौतरफा घेरने में जुटी भाजपा

लालू यादव के इशारे पर काम कर रहे नीतीश कुमार : सम्राट चौधरी

नीतीश कब पलट जाएं, यह कोई कह नहीं सकता: सुमो

प्रशांत किशोर के इन दावों पर बीजेपी नेता व राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने कहा कि मैं प्रशांत किशोर के बयान का ना तो खंडन करता हूं ना तो समर्थन करता हूं क्योंकि मेरे यह संज्ञान में नहीं है। हालांकि बीजेपी का अब सात जन्म तक नीतीश कुमार के लिए दरवाजा बंद हो गया है। सुशील मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार पलटू राम के नाम से जाने जाते हैं।

पी के का दावा... भाजपा के संपर्क में हैं नीतीश कुमार

चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर ने दावा किया है कि नीतीश कुमार भाजपा के संपर्क में हैं। वह कभी भी भाजपा के साथ जा सकते हैं। उन्होंने अभी दरवाजे बंद नहीं किए हैं। हालांकि नीतीश कुमार ने एक कार्यक्रम के दौरान यह दावा किया है कि वे अब कभी भी बीजेपी के साथ नहीं जुड़ेंगे। जनसुराज पदयात्रा के दौरान पश्चिम चंपारण के भेड़ीहरवा पंचायत में प्रशांत किशोर ने कहा कि सीएम भले इन दिनों आरजेडी के साथ हैं, लेकिन वह कभी भी बीजेपी के साथ जा सकते हैं और वह लगातार बीजेपी के संपर्क में है। प्रशांत ने वो कड़ी भी बताई जिसके जरिए नीतीश भाजपा के साथ जा सकते हैं।

केटी न्यूज पटना

बिहार नगर निकाय चुनाव को लेकर पटना उच्च न्यायालय का फैसला आने के बाद प्रदेश में सियासी बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा है कि जिस तरीके से नीतीश कुमार ने राज्य के अति पिछड़ों के साथ सौतेला व्यवहार किया यह दुर्भाग्यपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट ने देश हित में ट्रीपल टेस्टिंग के लिए राज्य सरकारों से आयोग बनाने को कहा, तब इनके कानों तले जू नहीं रेंग रहा था। इनके रवैया को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने नगर निकाय चुनाव को खारिज कर दिया तब इन्होंने रात के अंधेरे में आयोग बनाया।

सम्राट चौधरी ने कहा कि पहले जेडीयू के लोग कहते थे कि आयोग नहीं बनेगा। लेकिन भाजपा जब सरकार में थी तो पंचायती राज विभाग और नगर विकास विभाग ने प्रस्ताव दिया जिसके बाद एडवोकेट जर्नल ने सहमति दी फिर भी सीएम नीतीश ने इसकी अनदेखी कर दी। अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर निकाय चुनाव को लेकर जिस तरीके से नीतीश कुमार ने रात के अंधेरे में आयोग बनाने का काम किया है, इससे पता चलता है कि न्याय और अति पिछड़ों की जीत हुई है और माननीय पलटू जी की जबरदस्त हार हुई है।

उन्होंने कहा है कि नीतीश कुमार लालू यादव के इशारे पर चल रहे हैं। पूरा जदयू राजद के इशारों पर काम कर रही है। नीतीश कुमार एक कठपुतली है। बिहार की जनता इनकी राजनीति से ऊब चुकी है।

बता दें कि निकाय चुनाव पर हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि अति पिछडे.वर्ग के राजनीतिक पिछडेप़न के लिए एक विशेष कमीशन का गठन किया गया है। ये कमीशन राज्य में अतिपिछडे वर्ग में राजनीतिक पिछड़ेपन पर अध्ययन कर राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद राज्य सरकार के रिपोर्ट के आधार पर चुनाव आयोग राज्य में नगर निकायों का चुनाव कराएगा।

नीतीश सरकार नौकरी के लिए पैसा कहां से लाएगी: आरके सिंह

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने कहा है कि बिहार में 10 लाख लोगों को नौकरी देने की घोषणा की गई है, लेकिन नीतीश सरकार इसके लिए पैसा कहां से लाएगी। पहले जब कहा गया था कि बिहार में ढाई लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी तो उसका मजाक उड़ाया गया था। केंद्रीय मंत्री गुरुवार को डीएमसीएच परिसर में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सीएसआर फंड से निर्मित पांच मंजिला विश्राम सदन के उद्घाटन के बाद लोगों को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा कि बिहार को विकसित बनाने के लिए हम अधिक से अधिक काम करेंगे। इसमें केंद्र सरकार की ओर से कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि डीएमसीएच परिसर में 16 करोड़ की लागत से 260 बेड का विश्राम सदन का उद्घाटन किया गया है। इससे डीएमसीएच में भर्ती मरीजों के परिजनों को ठहरने में सुविधा होगी। उन्होंने पावर ग्रिड के सीएमडी से कहा कि विश्राम सदन में रहने और खाने का चार्ज कम से कम हो, इसका ध्यान रखेंगे। उन्होंने लोगों से भी इसके रखरखाव में सहयोग करने की अपील की।

डेंगू से पीड़ित टीचर की क्लास में पढ़ाने के दौरान मौत, सहमे रहे छात्र

❒ रहें सावधान... प्लेटलेट्स का कम होना चिंता का विषय, इसे हल्के में न लें

एजेंसी/ प्रयागराज

प्रयागराज में डेंगू से पीड़ित सेंट जोसेफ कॉलेज के शिक्षक अल्फ्रेड सुमित कुजूर की गुरुवार को क्लास में पढ़ाने के दौरान मौत हो गई। उनका प्लेटलेट्स 25 हजार से नीचे आ चुका था लेकिन दीपावली से पहले कोर्स पूरा कराने के लिए वह बच्चों को पढ़ाने पहुंच गए। 32 वर्षीय अल्फ्रेड सुमित सेंट जोसेफ से ही दो साल पहले सेवानिवृत्त हुईं म्योराबाद निवासी हिंदी की शिक्षिका मॉरिस कुजूर के बेटे थे और जुलाई में ही नियुक्ति हुई थी। सुमित पिछले कुछ समय से डेंगू से पीड़ित थे। दिवाली की छुट्टियों से पहले कोर्स पूरा कराने के लिए तबीयत सही नहीं होने के बावजूद वह गुरुवार सुबह कॉलेज पहुंच गए। साथी शिक्षकों ने घर वापस जाने की सलाह दी लेकिन बच्चों का नुकसान न हो इसलिए दो शिक्षकों के कंधे पर टेक लगाकर 11ई में एकाउंट्स पढ़ाने पहुंच गए। पढ़ाते-पढ़ाते अचानक से तबीयत बिगड़ी और वह क्लास में ही बैठ गए। जानकारी होने पर विष्णु देव समेत साथी शिक्षक दौड़कर क्लास में पहुंचे और उनको स्टाफ रूम लेकर गए। वहां अचानक से उनका हाथ-पैर अकड़ने लगा और मुंह से झाग निकलने लगा। स्कूल के डॉक्टर ने जांच की तो नब्ज नहीं चल रही थी। आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाया गया लेकिन अस्पताल जाने के लिए कॉलेज से बाहर निकलने से पहले ही उनकी सांस थम गई।

प्लेटलेट्स का कम होना खतरनाक: डेंगू बीमारी होने पर सबसे अधिक खतरा प्लेटलेट्स का घटने को माना जाता है। इस बीमारी में अचानक प्लेटलेट्स का लेवल घटकर नीचे आ जाता है। अगर समय पर इलाज नहीं हुआ या प्लेटलेट्स नहीं चढ़ाया गया तो मरीज की जान भी जा सकती है। इस दौरान लिक्विड डायट लिये जाने की सलाह डॉक्टर देते हैं।

डुमरांव में 515 करोड़ की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज का आज सीएम करेंगे शिलान्यास

❒ पहले ही हो चुका है अस्पताल के भूमि पूजन कार्य

बक्सर। बक्सर के डुमरांव में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव से पूर्व ही केन्द्र द्वारा यह योजना स्वीकृत की गई थी। अब इसकी शुरूआत होने जा रही है। इस पर कुल 515 करोड़ खर्च होंगे। इसकी सूचना स्वास्थ्य मंत्रालय बिहार सरकार ने जारी की है। पटना के बापू सभागार से मुख्यमंत्री ऑनलाइन इसकी आधारशिला रखेंगे। जिले में इसका मुख्य समारोह समाहरणालय के सभागार में किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय सांसद सह केन्द्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे उपस्थित रहेंगे।

सूत्रों के अनुसार अस्पताल के लिए पहले ही भूमि पूजन का कार्य हुआ था। इसकी भूमि हरियाणा फार्म डुमरांव में चिन्हित की गई है। हालांकि इस कॉलेज को बनने में लंबा समय लगेगा। लेकिन, इसके बन जाने से बक्सर ही नहीं शाहाबाद के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। पड़ोसी उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे जिलों को भी इसका लाभ मिल सकेगा।

सेक्स रैकेट चलाने वाली महिला व दो युवक गिरफ्तार

बलिया। फेफना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 18 अक्टूबर को अगरसंडा गांव स्थित एक मकान से सेक्स रैकेट चलाने वाली महिला व दो युवकों को गिरफ्तार कर सेक्स रैकेट अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। सूत्रों की माने तो महिला के घर से शनिवार को छापेमारी कर 40-50 कंडोम भी बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने अभियुक्त आशीष राय पुत्र ओम प्रकाश राय निवासी लक्ष्मणपुर थाना नरही तथा मुलायम सिंह उर्फ आदित्य निवासी नवापुरा थाना रसड़ा के साथ ही सेक्स रैकेट संचालिका शीला सिंह पत्नी जैनेंद्र सिंह निवासी सीधा घर घाट थान कासिमाबाद गाजीपुर वर्तमान पता अग्रसंडा थाना फेफना बलिया के विरुद्ध दर्ज किया।

उप्र के डिप्टी सीएम बोले... जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कानून बनाना जरूरी

एजेंसी/लखनऊ

❒ केशव प्रसाद मौर्य ने माना आरएसएस की तरफ से जो भी बात अधिकृत तौर पर कही जाती है वो राष्ट्रहित व देशहित में होती है

प्रयागराज में आयोजित आरएसएस की बैठक में जनसंख्या नियंत्रण के लिए नीति बनाने पर बात हुई। संघ के नम्बर-2 सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कानून बनाने की बात दोहराई है। अब इस बैठक के बाद गुरुवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने माना है कि जनसंख्या संतुलन बिगड़ने से राष्ट्र का भूगोल बदल जाता है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जितने हमारे संसाधन है, उसी के अनुसार ही जनसंख्या भी होनी चाहिए। जनसंख्या नियंत्रण का समर्थन हर कोई कर रहा है। केवल जहरीले बयान देने वाले नेता ही इसका विरोध कर रहे हैं। कहा कि आरएसएस की तरफ से जो भी बात अधिकृत तौर पर कही जाती है वो राष्ट्रहित व देशहित में होती है। आरएसएस के बयान का समर्थन करता हूं। इस मुद्दे को भी देश का समर्थन मिलेगा।

जनसंख्या नियंत्रण को लेकर सरकार आगे बढ़े, यही राष्ट्र के हित में केशव ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण को लेकर सरकार आगे बढ़े, यही राष्ट्र के हित में है। आने वाला समय चुनौतियों से भरा है। उसमें जनसंख्या नियंत्रण का जो विषय उठाया गया है उसका निश्चित तौर से हम समर्थन करते हैं। सरकार की जब बैठक होगी तब इस पर कोई बात होगी। केशव मौर्य ने कहा कि विरोध करने वालों की संख्या बहुत कम है, उसमें भी अच्छे लोग समर्थन करते हैं। गिनती की लोगों ने मदरसों के सर्वे का विरोध किया जो केवल गलत रास्ते दिखाने में लगे रहते है। उन्होंने ही विरोध किया जो उल्टे सीधे बयान देते हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। केशव मौर्य ने कहा कि अवैध मदरसे ही नहीं अगर प्राथमिक विद्यालय भी चलते हैं तो उस पर कार्रवाई होती है। उन्होंने कहा कि जो अवैध मदरसे हैं उन्हें बंद करने की बात है। सभी मदरसों को बंद करने की बात नहीं है। पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में बीजेपी, हर गरीब के साथ खड़ी है जो पसमांदा मुस्लिम है वो लगभग 80 फीसदी पिछड़े और वंचित वर्ग के हैं। उनके जीवन में परिवर्तन अगर आ जाएगा तो किसी को क्या दिक्कत है। डिप्टी सीएम ने कहा कि बीजेपी आज राजनीति की मुख्यधारा है और इससे लोग जुड़ते जा रहे हैं। जब लोग बीजेपी से जुड़ते हैं तो इससे विपक्ष में खलबली मचती है और विरोधी इस तरह के बयान चलाएंगे इस तरह के बयान देंगे कि मुसलमानों बीजेपी के पास मत जाना बीजेपी खा जाएगी।

ऐसी जनसंख्या नीति बननी चाहिए जो सभी को स्वीकार हो

इससे पहले बुधवार को संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि जनसंख्या असंतुलन के कारण दुनिया के कुछ देशों में बिखराव देखने को मिला है। ऐसी स्थिति कहीं भारत में उत्पन्न न हो, इस पर व्यापक विमर्श हुआ। संघ का मानना है कि ऐसी जनसंख्या नीति बननी चाहिए जो सभी को स्वीकार हो। कहा कि देश में जनसंख्या विस्फोट चिंताजनक है। इसलिए इस विषय पर समग्रता व एकात्मता से विचार करके सब पर लागू होने वाली जनसंख्या नीति बननी चाहिए। विगत 40-50 वर्षों से जनसंख्या नियंत्रण पर जोर देने के कारण प्रत्येक परिवार की औसत जनसंख्या 3.4 से कम होकर 1.9 हो गई है। इसके चलते भारत में एक समय ऐसा आएगा जब युवाओं की जनसंख्या कम हो जाएगी और वृद्ध लोगों की आबादी अधिक होगी, यह चिंताजनक है।

फंदे पर झूली विवाहिता, शादी के दो माह बाद से ही परिवार से रह रही थी अलग

केटी न्यूज/बलिया

स्थानीय नगर पंचायत के आनन्द नगर वार्ड में मायके जाने के विवाद को लेकर सोनी खरवार (25) पत्नी मिथुन खरवार ने बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे अपने कमरे में पंखे के हुक में साड़ी का फंदा गले में डाल कर खुदकुशी कर ली। मृतका की शादी इसी साल पांच फरवरी 2022 को हुई थी। गड़वार थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि मृतका अपने मायके जाने के लिए अपने पति से विवाद कर रही थी। लेकिन विदाई ना होने से क्षुब्ध होकर उसने गुरुवार की सुबह अपने कमरे में फांसी का फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने सुबह दरवाजा खटखटाया, दरवाजा नही खुलने पर दरवाजा तोड़ कर अन्दर देखे कि फंदे से लटकी हुई है। परिजन स्थानीय सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर गड़वार थाना प्रभारी राजकुमार सिंह, चौकी प्रभारी गिरिजेश सिंह मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। परिजनों ने बताया कि शादी के दो माह बाद ही अपने परिवार से अलग रह रही थी। मृतका का मायका सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के जेठवार गांव निवासी सुग्रीव खरवार की पुत्री थी।

शहर छोटी खबरें

विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

अरवल। उत्पाद विभाग ने जिले भर में लगातार शराब कारोबारी और पीने वाले के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। चलाए गए अभियान में उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सदर प्रखंड के इटवा गांव के पास से पिक अप बैन से 268.5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारियों को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी कमलेश कुमार एवं उमेश साहू झारखंड के हजारीबाग का रहने वाला है। गिरफ्तार कारोबारी से कड़ी पूछताछ किया जा रहा है, पूछताछ के क्रम में कारोबारियों ने बताया कि शराब पटना पहुंचाने जा रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पटना में शराब मंगवाने वाले को भी तलाश कर रही हैं। उत्पाद विभाग के निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि जिले भर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पियक्कड़ और कारोबारियों के विरुद्ध छापेमारी में सात कारोबारी सहित 44 पियक्कड़ को भी गिरफ्तार किया गया है। कारोबारियों के पास से 8 लीटर देसी चूलाई गई शराब भी बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि कोनिका मुसहरी, रामापुर मुसहरी, परासी, बेलखारा, रामपुर चौरम सहित जिले के दर्जनों जगहों पर प्रतिदिन छापेमारी की जा रही है। और शराब व्यवसाई और पियक्कड़ को गिरफ्तार किया जा रहा है।जिले में शराब विक्रेता को किसी भी हाल में नहीं छोड़ा जाएगा।

आईएमए ने स्तन कैंसर को लेकर लोगों को किया जागरूक

आरा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आरा ब्रांच के द्वारा स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम स्थानीय डॉ. सविता रुंगटा के क्लीनिक में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मधुकर प्रकाश ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सचिव डॉ नरेश प्रसाद ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सविता ने स्तन कैंसर के विभिन्न स्तरों को समझाया। उन्होंने स्तन कैंसर के लक्षणों को और कारणों के ऊपर विस्तारपूर्वक समझाया। डॉ. सविता रुंगटा ने कहा कि स्तन कैंसर अधिकतर वंशानुगत होता है गलत खानपान के चलते भी तथा मोबाइल तथा अन्य उपकरणों से उत्पन्न रेडिएशन के कारण अधिकतर स्तन कैंसर देखा जा रहा है। इसके शुरूआती जांच के कारण तथा रेगुलर चेक अप से इस रोग से बचाव किया जा सकता है। यदि महिलाओं के शरीर में किसी प्रकार की गांठ हो तो तुरंत उसका चेकअप करवाना अनिवार्य होता है।

आयोडीन के महत्व और उपयोगिता पर जागरूकता के लिए मनाया जायेगा ग्लोबल आयोडीन अल्पता बचाव सप्ताह

- गर्भवती महिलाओं को आयोडीन के बारे में निश्चित जानकारी दी जाय
- 21 मई को मनाया जाता है विश्व आयोडीन अल्पता दिवस
- बैनर पोस्टर के माध्यम से किया जायेगा जागरूक

केटी न्यूज/भभुआ

खाने में आयोडीन के महत्व और उपयोगिता को बताने के लिए जिले में 21 से 27 अक्टूबर तक ग्लोबल आयोडीन अल्पता बचाव सप्ताह मनाया जाएगा। 21 अक्टूबर को पूरे विश्व में आयोडीन अल्पता बचाव दिवस मनाया जाता है। इस संदर्भ में राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को निदेशित किया है कि 21 से 27 अक्टूबर को विश्व आयोडीन अल्पता बचाव सप्ताह मनाया जाय। ओपीडी में आने वाले सभी मरीजों खास कर गर्भवती महिलाओं को आयोडीन के बारे में निश्चित जानकारी देने की बात कही गयी है।

शिशु के दिमाग के विकास में आयोडीन की भूमिका महत्वपूर्ण: अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया, आयोडीन शिशु के दिमाग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मां में आयोडीन की कमी से पैदा होने वाले बच्चे का शारीरिक विकास भी पूरा नहीं हो पाता। भ्रूण के समुचित विकास के लिए आयोडीन एक जरूरी पोषक तत्व है। यह शिशु के दिमाग के विकास में अहम भूमिका अदा करता है। शरीर के तापमान को नियंत्रित करने का काम भी आयोडीन करता है। कोविड काल के चलते हमें यह जानना बड़ा जरूरी है कि अन्य विकारों के अलावा शरीर में आयोडीन की कमी हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी प्रभावित करती है।

व्यापक पैमाने पर किया जायेगा प्रचार प्रसार

जारी पत्र में बताया गया है कि अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित कर एवं स्वयंसेवी संस्थानों की मदद लेकर तथा आशा, आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं ए.एन.एम के माध्यम से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सुनिश्चित करायी जाये ताकि ह्लआयोडीन- युक्त नमक के सेवन का मानव जीवन में महत्त्वह्व विषय पर जनमानस को जागरूक किया जा सकें जनमानस को आयोडीन के बारे में जागरूक करने के लिए होर्डिंग और बैनर से जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। शहर और सरकारी कार्यालयों के बाहर आयोडीन की अल्पता से होने वाली बीमारियों की जानकारी होर्डिंग के माध्यम से दी जायेगी।

आहार का प्रमुख पोषक तत्व है आयोडीन

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जे. एन. सिंह ने बताया आयोडीन मानव शरीर के लिए बहुत ही जरूरी है। इसकी कमी से हार्मोन का उत्पादन भी बंद हो सकता है। जिससे शरीर के सभी अंग अव्यवस्थित हो सकते हैं। इसकी कमी से होने वाले रोगों में प्रमुख रूप से गलगंड होता है। इसमें गले के नीचे अवटु ग्रंथी में सूजन हो जाती है। गर्भवती महिलाओं में इसकी कमी से गर्भपात भी हो सकता है। वहीं, बहरापन, बौनापन, अविकसित मस्तिष्क और सीखने व समझने की क्षमता में कमी की समस्या भी होती है। मूली, शतावर, गाजर, टमाटर, पालक, आलू, केला , दूध और समुद्र से पाए जाने वाले आहार में अधिक मात्रा में आयोडीन पाए जाते है।

लापता बच्ची का मिला शव, डूबने से मौत की आशंका पर किया जा रहा डाइटम टेस्ट

डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस मामले की छानबीन में जुटी, डॉग स्क्वायड भी पहुंची

- मछली, कीड़े और कुत्तों ने नोच खाया शव, दोनों हाथ का मांस गायब
- गुरुवार की सुबह घर के बगल में स्थित झाड़ी से क्षत विक्षत मिला शव

केटी न्यूज/आरा

जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के सिकरौल टोला गांव में चार दिन से लापता बच्ची की मौत हो गयी है। उसका शव गुरुवार की सुबह घर के बगल में स्थित आहर के पास झाड़ी से बरामद किया गया। शव क्षत विक्षत हो गया था।

मछली, कीड़े और कुत्तों द्वारा भी शव को नोच खाया गया है। बच्ची की पानी में डूबने से मौत होने की आशंका है। मृत बच्ची सिकरौल टोला गांव निवासी रमेश सिंह की छह वर्षीय पुत्री प्रियांशु कुमारी थी। इधर, सुबह होते ही शव मिलने से सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर एसडीपीओ राहुल सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर विलास पासवान और थाना प्रभारी आशीष कुमार साह घटनास्थल पर पहुंचे। डेहरी से डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची और छानबीन में जुट गयी। उसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को आरा भेज दिया गया। हालांकि शव की हालत देख डॉक्टर द्वारा उसे पोस्टमार्टम के लिए पटना रेफर कर दिया गया है।

एसडीपीओ द्वारा बताया गया कि बच्ची की डूबने से मौत होने की बात ही सामने आयी है। परिजनों की ओर से भी किसी पर आरोप नहीं लगाया जा रहा है। इसके बावजूद हर एंगल से जांच की जा रही है। इसके तहत श्वान दस्ता की मदद से जांच की गयी। वहीं पानी में डूबने से मौत की जांच के लिए डाइटम टेस्ट भी कराया जा रहा है।

तीन दिन से खोज रहे परिजन कुत्तों ने खोज दिया शव

घर से खेलने के लिए निकली प्रियांशु के परिजन तीन दिनों तक उसे खोजते रहे। लेकिन उसका पता नहीं चल सका। इस बीच गुरुवार की सुबह घर के बगल में स्थित झाड़ी से उसका सड़ा-गला शव बरामद हो गया। बताया जा रहा है कि बच्ची पानी में डूब गयी थी। इस बीच कुत्तों की नजर उस पर पड़ गयी और शव को नोच को बाहर ला दिया। उसके बाद परिजनों की शव पर नजर पड़ी। बच्ची के चाचा हरिशंकर सिंह ने बताया कि 17 अक्टूबर की सुबह 11 बजे खेलने के लिए प्रियांशु घर से बाहर निकली थी। उसके बाद से वह घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया था। उसके बाद स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज करायी। बताया जा रहा है कि बच्ची अपने दो बहन और एक भाई में दूसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां आशा देवी, बहन अंशु कुमारी और एक भाई हिमांशु कुमार है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां आशा देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

इधर-उधर घुमने के बाद लौट गया खोजी कुत्ता

शव मिलने के बाद डीएसपी की पहल पर डेहरी से खोजी कुत्ता भी बुलाया। कुत्ता बच्ची के घर से झाड़ी तक घुमता रहा। उसके बाद वह लौट गया। डीएसपी ने बताया कि जांच के क्रम में श्वान दस्ता को बुलाया गया था। ताकि हर पहलू की जांच हो सके। उन्होंने बताया कि दो तीन बिंदुओं पर डाक्टर से मंतव्य मांगा गया है।

डीएसपी के नेतृत्व में लुटेरों की धरपकड़ में जुटी पुलिस, कर रही छापेमारी

सीएचसी संचालक से पिस्टल के बल पर तीन बाइक सवार अपराधियों ने की डेढ़ लाख की लूट

- डिलिया लख के समीप नहर से मिला संचालक पिट्ठू बैग, लैपटॉप और रजिस्टर

केटी न्यूज/आरा

जिले के चौरी थाना क्षेत्र के अंधारी गांव के समीप गुरुवार को अपराधियों द्वारा हथियार का भय दिखाकर एक सीएसपी संचालक से लूटपाट की गयी। बाइक सवार अपराधी संचालक से करीब डेढ़ लाख रुपये, लैपटॉप, मोबाइल और रजिस्टर छीन कर भाग गये। अपराधियों की संख्या तीन बतायी जा रही है। उस दौरान संचालक की बाइक की चाबी भी छीन कर फेंक दी गयी। वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे नासरीगंज-सकड्डी स्टेट हाईवे के रास्ते बिहटा की ओर भाग निकले।

लूट की यह वारदात छोटकी खड़ांव गांव निवासी दिपेश राय के साथ हुई है। उसकी अंधारी में पीएनबी का सीएसपी है। हालांकि पुलिस लूट की राशि को कंफर्म नहीं कर रही है। सूचना मिलने पर एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में पुलिस छानबीन में जुट गयी है। समूचे

इलाके की घेराबंदी कर तलाशी की जा रही है। अपराधियों के भागने की दिशा में छापेमारी भी की गयी। उस दौरान उसका बैग, लैपटॉप और रजिस्टर बरामद कर लिया गया है।

डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच और अपराधियों की पहचान की जा रही है। धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है। सीसीटीवी और मोबाइल सर्विलांस की भी मदद ली जा रही है। उन्होंने बताया कि लूट की राशि अभी कंफर्म नहीं हो सकी है। सीएसपी संचालक द्वारा डेढ़ लाख रुपए लूटे जाने की बात कही जा रही है। उसमें कुछ पैसे बैंक से भी निकासी की गयी थी। बैंक से भी इसका पता लगाया जा रहा है। उसके बाद ही क्लीयर हो सकेगा।

घर जाने दौरान अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम

जानकारी के अनुसार छोटकी खड़ांव गांव निवासी काशीनाथ राय का पुत्र दिपेश राय अंधारी में पंजाब नेशनल बैंक का सीएसपी चलाता है। गुरुवार को उसने सहार स्थित पंजाब नेशनल बैंक से एक लाख बीस हजार रुपए की निकासी। उसके बाद खाने के लिए अपने घर चला गया था। घर से तीस हजार रुपये बैग में रख लिया। उसके बाद करीब 11:30 बजे बाइक से सीएसपी जा रहा था। उसी दौरान अंधारी गांव के पूरब लाइन होटल के समीप बदमाशों द्वारा बाइक रोक दिया गया। उसके बाद पिट्ठू बैग में रखें डेढ़ लाख रुपए, लैपटॉप, मोबाइल रजिस्टर लूट लिया गया। बाइक की चाबी भी छीन कर फेंक दी गयी। बाद में संचालक द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से चौरी थाना को घटना के संबंध में जानकारी दी गयी। सूचना मिलते ही चौरी थानाध्यक्ष पवन कुमार घटना पर पहुंच गये और पड़ताल शुरू कर दी।

त्योहार को लेकर खर्चा-पानी का मांगे रुपये, नहीं देने पर युवक को मारी गोली

केटी न्यूज/आरा

जिला मुख्य के टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा स्थित डीआरसीसी के पास गुरुवार की देर शाम एक युवक को गोली मार दी गयी। गोली युवक के बाएं पैर में घुटने के नीचे पिछले हिस्से में लगी है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक टाउन थाना क्षेत्र के रघु टोला वार्ड नंबर 34 मासी राजेंद्र यादव का 20 वर्षीय पुत्र नन्हे उर्फ सुधीर कुमार है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह अपने दल-बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे और जख्मी से घटना की पूरी जानकारी ली। इसके बाद पुलिस घटना स्थल पर भी गयी

और अपने स्तर से छानबीन में जुट गई है। इधर, घटना के संबंध में जख्मी युवक के परिजन शंभू यादव ने बताया कि गुरुवार की देर शाम सुधीर धनुपरा डीआरसीसी के पास खड़ा था। तभी तीन बदमाश आये और खर्चा-पानी के लिए पैसे मांगने लगे। उसने देने से मना कर दिया, तो उन युवकों ने उसे गोली मार दी। इससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गया?। उसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। थानाध्यक्ष का कहना है कि पड़ताल की जा रही है। पूर्व का विवाद भी सामने आ रहा है।

युवा उत्सव कार्यक्रम में प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित

केटी न्यूज/अरवल

नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गोदानी सिंह महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन एसपी हिमांशु शंकर त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के साथ युवाओं के राष्ट्र के प्रति विचारों को एक मंच प्रदान किए जाने के उद्देश्य से 6 विभिन्न कार्यक्रम जैसे चित्रकला, प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण

प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता व युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में जिला अरवल से युवाओं ने भाग लिया कार्यक्रम का अध्यक्षता एवं नेतृत्व सागर महेश्वरी जिला युवा अधिकारी के द्वारा किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक महोदय ने भारत का परिदृश्य 2047 का कैसा होना चाहिए इस पर युवाओं को संबोधित किया।

कार्यक्रम में कुशवाहा चंदन, रामेश्वर सिंह ,द्वारा युवाओं को संबोधित किया। सभी कार्यक्रमों के 3 सदस्य चयन समिति के द्वारा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम सुजीत कुमार, द्वितीय सुधीर कुमार व तृतीय शाहीन परवीन तथा कविता लेखन में प्रथम चांदनी खातून, द्वितीय पूजा कुमारी व तृतीय रेनू कुमारी रहीं। इसके अलावा फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम सौरभ कुमार, द्वितीय राजेश कुमार व तृतीय अनन्या कुमारी रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम सूरज कुमार, द्वितीय पायल कुमारी तथा तृतीय परीक्षित कुमार रहे। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रथम उदित नारायण, द्वितीय पायस मिशन स्कूल एवं तृतीय खुश प्रेमी ग्रुप तथा युवा संवाद प्रतियोगिता में प्रथम पायल कुमारी, द्वितीय सूरज कुमार व तृतीय हिमांशु राज, चतुर्थ विक्की कुमारी को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो तथा पुरस्कार दिया गया।

एक नजर

डीजीपी ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण

जहानाबाद। मानव सेवा ही माधव सेवा है के संकल्प से लबरेज डॉ. करुणा सागर, डीजीपी, आधुनिकीकरण, ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च ऐंड डेवलपमेंट, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली ने रतनी प्रखंड के नोआमा ग्राम में 250 जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। शिक्षक जगदीश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में अतिथि के बतौर स्वतंत्रता सेनानी कपिल देव शर्मा, जदयू नेता रंगनाथ शर्मा,सामजिक कार्यकर्ता राजकिशोर शर्मा,दयानंद कुमार ने भाग लिया।नया सवेरा सहयोग संस्थान,नोआमा के सहयोग कम्बल-वितरण हेतु महिलाओं का चयन किया गया। इस अवसर पर डीजीपी, डॉ करुणा सागर ने मौजूद महिलाओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जहानाबाद से मेरा अपनापन का रिश्ता है। इसलिए यहां का हर गांव और यहां के लोग अपने हैं।इसी भावना के तहत आज मैं आपके बीच हूं। मैं आपके लिए एक उपहार लेकर आया हूं।इसे स्वीकार करने की कृपा करें।आप यही समझें कि आपके परिवार का एक सदस्य बाहर से आया है और अपने परिवार के लिए कुछ लाया है।श्री सागर ने अपना उद्गार मगही भाषा में व्यक्त किया। इस मौके पर सोनू कुमार, नीरज कुमार, अजय महतो, अरविंद कुमार, जीतेन्द्र ठाकुर, दुखन चौधरी, प्रिंस कुमार समेत बहुत सारे ग्रामीण मौजूद रहे।

शौच करने जा रहे किसान की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत

आरा। जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर (शोभी टोला) गांव के समीप बुधवार की रात अज्ञात वाहन ने शौच करने जा रहे एक बुजुर्ग किसान को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी किसान की इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गयी। मृतक शाहपुर के शोभी टोला गांव निवासी अशकत यादव के 65 वर्षीय पुत्र राजेंद्र प्रसाद यादव थे। ममेरे भाई अनिल यादव ने बताया कि बुधवार की देर रात करीब 12 बजे वह घर से शौच करने के लिए निकले थे। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया था। उससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया था। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुरुवार की सुबह दिल्ली में रहने वाले उनके छोटे भाई द्वारा फोन कर सूचना दी गई। उसके बाद वह सभी लोग शाहपुर रेफरल अस्पताल पहुंचे और शव की पहचान की। उसके बाद स्थानीय पुलिस द्वारा शव का को पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जाता है कि किसान अपने दो भाइयों में छोटे थे।

कलावती अपने कार्यों से सोहरा बलुआ पंचायत में बना रही अलग पहचान

- दायित्वों के प्रति पूर्ण समर्पण की वजह से अपने पंचायत में प्रसिद्ध हैं आशाकर्मी कलावती देवी
- प्रखंड से लेकर जिला स्तर के स्वास्थ्य अधिकारी आशाकर्मी कलावती देवी का देते हैं उदाहरण

केटी न्यूज/सासाराम

यदि अपने दायित्वों को हम पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करते तो समाज में अपनी अलग पहचान बना ही लेते हैं। रोहतास जिला अंतर्गत नौहट्टा प्रखंड अंतर्गत सोहरा बलुआ पंचायत की आशा कर्मी कलावती देवी अपने कार्यों से अपनी

अलग पहचान बना रही हैं । वर्ष 2005 में आशा के रूप में चयनित कलावती देवी अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करते हुए अपने पंचायत के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने के साथ-साथ जागरूकता अभियान सहित अन्य कार्यों में अहम भूमिका निभा रही हैं। अपने कार्यों की बदौलत अपनी पंचायत के साथ साथ अपने प्रखंड एवं जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच एक अलग पहचान बना रही हैं। स्वास्थ्य अधिकारी अन्य प्रखंडों में जाते तो कलावती देवी का उदाहरण देकर अन्य आशा कर्मियों को भी प्रेरित करते हैं।

कोरोना काल में मिली थी बड़ी जिम्मेदारी : सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित कराने में आशा कर्मी अहम भूमिका निभाती हैं। जिसमें सरकारी अस्पतालों में प्रसव सहित, परिवार नियोजन, नियमित टीकाकरण सहित कई कार्यों के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ स्वास्थ्य योजनाओं के लिए लोगों को जागरूक करना आशा कर्मियों का मुख्य कार्य होता है। परंतु कोरोना काल में सभी कार्यों को छोड़ लोगों को कोरोना से बचाने में आशा कर्मियों के योगदान को भी नहीं भुलाया जा सकता। कलावती देवी बताती हैं कि कोरोना काल में जब घरों से कोई नहीं निकलता था तो उस दौरान उन्होंने खुद के साथ साथ अपने परिवार की चिंता किए बिना स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए गए कार्यों को लगातार करती रहीं। उन्होंने बताया कि संक्रमण काल में बहुत सारे लोगों को पहचान करके उन्हें खास जगह पर रखने की जिम्मेदारी दी गई थी। उनकी देखभाल के साथ-साथ गांव में घूम घूम कर जांच करना था। इस दौरान कोरोना के डरे हुए लोग जल्दी मिलते नहीं थे। मिलते भी थे तो एक अलग नजरिये से देखते थे। बावजूद इसके समस्याओं को झेलते हुए लोगों को संक्रमण से बचाने के लिए गांव गांव घूमना पड़ा।

कुष्ठ रोगी खोजी अभियान में भी रहा अहम योगदान : 17 अक्टूबर को समाप्त हुए कुष्ठ रोगी खोजी अभियान में भी आशा कर्मी कलावती देवी का अहम योगदान रहा। अपनी पंचायत के दूरदराज गांव में जाकर कुष्ठ रोग की जानकारी लेने के लिए प्रातः सुबह में ही अपने घर से निकलना पड़ता और फिर शाम तक अपने कार्यों को बखूबी अंजाम देकर घर पहुंचती थी। कलावती देवी ने बताया कि कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के दौरान भी उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। जिसमें कुष्ठ को लेकर लोगों में नकारात्मक सोच मुख्य रहा। उन्होंने बताया कि जब लोगों से कुष्ठ की जानकारी लेते थे तो लोग उन्हें मना कर देते। काफी समझाने बुझाने के बाद लोग कुछ बताने के लिए राजी होते थे। वे अपने पंचायत के लोगों के लिए 24 घंटे लगातार कार्य करती रहती हैं। यही वजह है कइ कलावती देवी अपने पंचायत के लोगों के बीच काफी प्रसिद्ध हैं।

कलावती का कार्य सराहनीय : जिला महामारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ प्रिय मोहन सहाय ने बताया कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के दौरान उन्होंने जिले के सभी प्रखंडों का भ्रमण किया, परंतु नौहट्टा प्रखंड निवासी आशा कर्मी कलावती देव का कार्य काफी अलग देखने को मिला। देर शाम जब वे लोग जांच के लिए पहुंचे तो उन्होंने पाया कि कलावती देवी गांव में घूम घूम कर रोग के लक्षण के बारे में जानकारी ले रही हैं।

जिले छोटी खबरें

बिजली चोरी के मामले में छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

सिमरी। बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर कंपनी द्वारा बड़का राजपुर के आदर्श नगर मोहल्ले में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान रघुनाथ ततवा समेत छह को विद्युत चोरी करते टीम द्वारा रंगे हाथ पकड़ा गया। इस संबंध में कनीय अभियंता रौनक राज द्वारा बताया गया कि सभी लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में जुमार्ना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है। उन्होंने बताया की विद्युत चोरी की रोकथाम को लेकर कंपनी द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जायेगा। कंपनी की इस कार्रवाई से चोरी से बिजली जलाने वालों में हड़कंप मचा है।

शोक सभा आयोजित कर दी गई श्रद्धांजली

डुमरांव। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट जिला शाखा बक्सर के अध्यक्ष व पूर्व जिला सचिव कामरेड मोहम्मद कलाम के असामयिक निधन हो गया है। गुरूवार को ग्रामीण कार्य विभाग कर्मचारी संघ अनुमंडल शाखा डुमरांव के सदस्यों ने ग्रामीण कार्य विभाग डुमराव के प्रांगण में एक शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजली दिया है। शोक सभा की अध्यक्षता संघ के राज्य अध्यक्ष लवकुश सिंह ने की। इस अवसर पर 2 मिनट का मौन धारण कर कामरेड कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। शोक सभा में टुनटुन सिंह, हाजी मोहम्मद जाकिर हुसैन, राजेंद्र कुमार सिंह, सूर्यनंद मिश्र, धर्मेंद्र कुमार, चंचल, प्रमोद कुमार, सुरेंद्र सिंह, रमेश राम, रामनाथ दुबे, रामचंद्र रजक, मदन महतो, मुनिजी सिंह, नीरज कुमार, मोहन राय, प्रमोद कुमार, राजेश कुमार, रमन मिश्र, सुरेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

चोरी की गाड़ियों के पूर्जे कबाड़ में बेचते दो गिरफ्तार

चौगाई। मुरार थाना क्षेत्र के दंगौली गांव में दो शातिर चोरों ने ग्रामीण दिनेश यादव के ट्रैक्टर से पाट पूर्जे की चोरी कर उसे औन पौने दाम में एक कबाड़ में बेचने गए थे। लेकिन ट्रैक्टर मालिक की चालाकी से दोनों रंगे हाथ पकड़े गए। ग्रामीणों ने उनकी धुनाई कर मुरार पुलिस को सौंप दिया है। पकड़े गए चोरों की पहचान स्थानीय गांव के वीरेंद्र यादव और सुनील कुमार के रूप में हुई है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों को जेल भेज दिया गया है।

मिठाई दुकान से हजारों रुपये मूल्य की मिठाई चोरी

नावानगर। बीती रात सोनवर्षा ओपी थाना क्षेत्र के महादेवगंज में चोरों ने महेन्द्र महतों की गुमटीनुमा मिठाई दुकान का ताला तोड़ हजारों रूपए मूल्य के मिठाई की चोरी कर ली है। दुकानदार को इसकी जानकारी सुबह में हुई है। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया है कि चोरों ने उसके दुकान से 25 किलोग्राम छेना की मिठाई जो करीब पांच हजार रुपये मूल्य की थी, जो चुरा लिया है। इस घटना से दुकानदार आहत हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर पंचायतों में जन आरोग्य समिति का गठन

- प्रखंड के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर समिति का होगा गठन
- नदांव एचडब्ल्यूसी में बैठक कर समिति के सदस्यों को दी गई जानकारी

केटी न्यूज/बक्सर

आयुष्मान भारत के तहत जिले में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स (एचडब्ल्यूसी) को और भी सुदृढ़ किया जा रहा है। ताकि, एचडब्ल्यूसी क्षेत्रांगत सभी लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की पहल के बाद एचडब्ल्यूसी स्तर पर आयुष्मान भारत- जन आरोग्य समिति का गठन किया जा रहा है। इस क्रम में नदांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर जन आरोग्य समिति का गठन किया गया। जिसको लेकर प्रखंड स्तरीय अधिकारी व पंचायत स्तरीय समिति के सदस्यों ने बैठक की। बैठक में बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि जन आरोग्य समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को जोड़कर सुविधाओं के अंतर्गत आने वाली समस्याओं को उठाने व उसका निष्पादन पंचायत स्तर पर ही किया जायेगा। विभाग से मिले निदेर्शों के अनुसार एचडब्ल्यूसी पर स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं के प्रावधान के संबंध में इसके संचालन, प्रबंधन, उपभोग और जवाबदेही सुनिश्चित करने में जन प्रतिनिधियों की सक्रिय भागेदारी के लिए आयुष्मान भारत-जन आरोग्य समिति के रूप में एक मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि पिंकी, सीएचओ प्रिया सिंह, एएनएम सुमित्रा कुमारी, बीसीएम प्रिंस सिंह, शिक्षक प्रीति कुमारी, एलएस रेणु देवी व जीविका अंर्तगत गुलाब संगठन की फुलझारी देवी उपस्थित रही।

समिति के निर्धारित कार्यो से कराया गया अवगत : बैठक में एचडब्ल्यूसी स्तर पर गठित जन आरोग्य समिति के कार्यों से अवगत कराया गया। जिसमें जन आरोग्य समिति के निम्नलिखित कार्यों पर प्रकाश डाला गया : - गुणवत्तापूर्ण विस्तारित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करने में सहयोग प्रदान करना।

- सेंटर के भवन, उपकरणों की साफ-सफाई के साथ उनका रख-रखाव और सुरक्षा सुनिश्चित कराना। परिसर के दुरूपयोग को रोकना।
- अनटाइड फंड के प्रबंधन एवं उसका बेहतर उपयोग करना।
- समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं आउटरीच पर उपलब्ध सेवाओं में सुधार के लिए वीएचएसएनडी के माध्यम से सामुदायिक कार्रवाई को नेतृत्व प्रदान करना।
- गैर सरकारी संगठनों से संसाधनों को जुटाने के साथ सीएसआर फंड की निधियों के माध्यम से सेंटर पर सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना।

रोगी कल्याण समिति को परिवर्तित कर जन आरोग्य समिति का होगा गठन

सीएचओ प्रिया सिंह ने समिति के सदस्यों को बताया, एचडब्ल्यूसी कार्यक्रम अन्तर्गत स्वास्थ्य उप केंद्रों व अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विस्तारित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स की स्थापना की गई है। अब एचडब्ल्यूसी में रूपांतरित सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के रोगी कल्याण समिति को परिवर्तित कर जन आरोग्य समिति के रूप में गठित किया जाएगा। समिति के नाम परिवर्तन से संबंधित अधिसूचना रोगी कल्याण समिति की अंतिम बैठक में प्रस्ताव पास कर की जाएगी। साथ ही, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में रूपांतरित सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों में भी उपरोक्त उद्देश्य के लिए जन आरोग्य समिति का गठन किया।

बक्सर के सूरज की प्रयागराज में हत्या सर व गुप्तांग काट शव जलाने का प्रयास

- मामले में प्रयागराज पुलिस ने एक महिला को किया है गिरफ्तार
- भाई ने की शव की पहचान

केटी न्यूज/बक्सर

बक्सर के पीपरपाती रोड निवासी एक व्यक्ति की उत्तर प्रदेश के प्रयाग राज में नृशंस हत्या कर दी गई है। करछना थाना क्षेत्र के एक बंद पड़े ढाबे के पास झाड़ियों से उसके सर व गुप्तांग कटी लाश को प्रयागराज पुलिस ने तीन दिन पहले बरामद किया था। उसके जेब से मिले मोबाईल नंबरों के आधार पर उसकी पहचान बक्सर पीपरपाती रोड के स्व. ओमप्रकाश गुप्ता के पुत्र सूरज गुप्ता उम्र 42 वर्ष के रूप में हुई। प्रयाग राज पुलिस की सूचना पर उसके भाई सूरज कुमार प्रयाग राज पहुंच उसकी पहचान की। हालांकि अभी तक उसका सर बरामद नहीं हो सका है। यूपी पुलिस ने शव का पंचनाम व पोस्टमार्टम के बाद डीएनए के लिए सैंपल ले परिजनों को सौंप दिया है। जबकि इस मामले में साक्ष्य छिपाने के आरोप में प्रयागराज के पंचदेवरा गांव की नजमा नामक एक महिला को गिरफ्तार भी किया है।

इससे पहले 17 अक्टूबर को शव मिलने के बाद पुलिस ने जानकारी दी थी कि घटनास्थल से कुछ सबूत इकट्ठा किए गए हैं, जिनके आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही इन्वेस्टिगेशन पूरी कर हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित सहित फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की टीम पहुंची थी और जांच की कार्रवाई शुरू की गई थी। जानकारी के मुताबिक, भीरपुर चौकी क्षेत्र में एक अनमोल ढाबा है, जो काफी समय से बंद पड़ा है। गांव के कुछ लोग सोमवार की सुबह ढाबे के सामने से जा रहे थे कि तभी उन्हें सड़क के किनारे के एक बॉडी पड़ी मिली, जिसका सिर कटा हुआ था।

महिला पर साक्ष्यों को छिपाने का आरोप

स्थानीय पुलिस की मानें तो उसके पति फिरोज अहमद तथा एक अन्य ने मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। फिरोज के घर से खून से सना कपड़ा तथा मिट्टी लगा जूता बरामद किया गया है। नजमा पर इन्हीं साक्ष्यों को छिपाने का अरोप यूपी पुलिस ने लगाया है। प्रयागराज यमुना पार के एसपी सौरभ दीक्षित ने बताया कि नजमा को साक्ष्य छिपाने के आरोप में पकड़ा गया है। जबकि उसके पति तथा एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है। हालांकि हत्या के कारणों तथा तीसरे आरोपी की पहचान को बताने से उन्होंने इंकार किया है। मृतक की पहचान होने के बाद से बक्सर स्थित उसके घर पर कोहराम मचा है।

12 वर्षों से पत्नी से अलग रहता था सूरज

मृतक सूरज के भाई आशीष ने बताया कि वह 12 वर्ष पहले 2010 में ही अपनी पत्नी से अलग हो गया था तथा वायरिंग कर अपनी आजीविका चलाता था। उसके भाई ने बताया कि आजीविका के लिए वह दिल्ली जाने वाला था। लेकिन घर से बिना बताए वह कैस प्रयाग राज चला गया इसकी जानकारी परिवार में किसी को नहीं है। सोमवार को प्रयाग राज पुलिस द्वारा शव बरामद करने के बाद उसके पाकेट से मिले नंबरों के आधार पर उन्हें सूचना दी गई तब जाकर उनलोगों को इस घटना की जानकारी मिल सकी। उन्होंने कहा कि भाई के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए वे कोई कोर कसर नहीं छोडेंगे।

एक नजर

ट्रक के धक्के से मजदूर की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, ठप रहा आवागमन

शव के साथ सड़क जाम करते ग्रामीण

डुमरांव। गुरुवार को घर से मजदूरी के लिए निकले एक मजदूर को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि दुर्घटना के बाद तत्परता दिखाते हुए स्थानीय लोगों ने ट्रक को चालक समेत पकड़ पुलिस को सौंप दिया। घटना कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के टुड़ीगंज अरियांव पथ पर सरौरा गांव के पास सुबह नौ बजे की है। मृतक रामजीत कुमार उम्र 22 वर्ष पिता बृजा राम इसी थाना क्षेत्र के रेहिया गांव का रहने वाला था। इस घटना के विरोध में ग्रामीणों ने घटना स्थल पर ही शव को सड़क पर रख टुड़ीगंज अरियांव पथ को जाम कर दिया। जिससे इस पथ पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही कृष्णाब्रह्म पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास करने लगी। ग्रामीणों ने इस पथ पर ट्रकों का परिचालन रोकने, पीड़ित परिवार को मुआवजा तथा सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। दोपहर बाद थानाध्यक्ष के समझाने बुझाने के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया। तब जाकर पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेजा। इस घटना के बाद पीड़ित के परिवार में कोहराम मच गया है। पीड़ित परिवार को पंचायत के मुखिया ने कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत लिए तीन हजार व परिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये दिए गए। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि मृतक के पिता ने चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है।

बिहार सरकार व इसके अधिकारी कश्मीर को भारत का अंग नहीं मानते : प्रियरंजन चौबे

पुतला दहन करते भाजयुमो कार्यकर्ता

बक्सर। भारतीय जनता युवा मोर्चा बक्सर ने अपने राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत गुरूवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। भाजयुमो द्वारा सभी जिला मुख्यालयों पर पुतला दहन का आयोजन किया गया था। बक्सर में जिलाध्यक्ष डॉ प्रियरंजन चौबे के अध्यक्षता में शहीद भगत सिंह चौक (मुनीब चौक) पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के दौरान जिलाध्यक्ष प्रियरंजन ने बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा सातवीं कक्षा के प्रश्न पत्र को लेकर महागठबंधन के सरकार पर सवाल उठाये हैं। दरअसल प्रश्नपत्र में पूछा गया है कि नेपाल, चाइना, इंग्लैंड, हिंदुस्तान और कश्मीर में रहने वालों को क्या कहते हैं। 'कश्मीरियों को क्या कहा जाता है' सवाल पूछे जाने पर डॉ प्रिय रंजन ने आपत्ति जताते हुए कहा कि यह प्रश्न ही बताता है कि बिहार सरकार व इसके सरकारी पदाधिकारी को भारत का अंग नहीं मानती है। उन्होंने कहा कि बिहार में जदयू और राजद का गठबंधन पीएफआई समर्थक जदयू में बैठे सरकारी पदाधिकारी और राजद के वोट बैंक में बैठे पीएफआई समर्थकों के नापाक गठजोड़ का नतीजा है। पूरे सीमांचल क्षेत्र में हिंदी स्कूलों में शुक्रवार को बंद करना और अब बिहार शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा सातवीं कक्षा का यह प्रश्न पत्र है, जो यह पूछता है कि नेपाल, चाइना, इंग्लैंड, हिंदुस्तान और कश्मीर में रहने वालों को क्या कहते हैं। इससे बिहार सरकार की मानसिकता साफ हो रही है। सरकार और अफसरों का एक ही सपना है कि 2047 में बिहार के पूर्वांचल को कम से कम हम इस्लामिक राष्ट्र में बदल दें। मौके पर जिला महामंत्री नवीन निश्चल चतुर्वेदी, दिलीप चंद्रवंशी, संतोष मिश्र, आशीष ठाकुर, पीयूष प्रियदर्शी, अक्षय ओझा, सौरभ चौबे, करण सिंह, विपुल रॉय, अर्जुन सिंह, रवि चौरसिया, कमलेश महाजन, राहुल तिवारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एसडीओ ने किया ब्रह्मपुर के छठ घाटों का निरीक्षण, सुरक्षा व सफाई पर दिए निर्देश

बिहार घाट का निरीक्षण करते एसडीओ

ब्रह्मपुर। डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने गुरुवार को ब्रह्मपुर प्रखंड के छठ घाटों का निरीक्षण कर मातहतों को सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए है। जानकारी के अनुसार एसडीओ प्रखंड कार्यालय स्थित घाट के साथ ही नैनीजोर के पास गंगा किनारे के बिहार घाट समेत प्रखंड के दर्जन भर से अधिक छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंगा के बढ़े जलस्तर की समीक्षा की गई तथा वैकल्पिक घाटों का चयन करने का सुझाव भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य फोकस सफाई व्यवस्था तथा सुरक्षा को लेकर था। एसडीओ ने कहा कि चुकी इस बार अंतिम सत्र में बारिश अधिक हुई है। जिस कारण छठ घाटों पर कीचड़ व गंदगी होना स्वाभाविक बात है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। गंगा के किनारे बनाए गए घाटों पर सुरक्षा के लिए बैरेकेटिंग के साथ ही प्रशिक्षित गोताखोर होने चाहिए। इसके अलावे भी एसडीओ ने कई आवश्यक निर्देश दिए है। मौके पर ब्रह्मपुर बीडीओ आशीष कुमार मिश्र, सीओ प्रियंका कुमारी थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

सहियार के किराना दुकान से 51 हजार कैश समेत हजारों के सामान की चोरी

केटी न्यूज/सिमरी

थाना क्षेत्र के सहियार गांव में बुधवार की रात चोरों ने एक किराने दुकान का ताला तोड़कर नकदी समेत हजारों रुपये के सामान की चोरी कर ली है। दुकानदार सुबह दुकान खोलने आया तो उसे चोरी के बारे में पता चला।

इस घटना की शिकायत पीड़ित मंगरु साह द्वारा स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन के माध्यम से की गई है। बताया जा रहा है कि दुकानदार प्रत्येक दिनों की तरह शाम आठ बजे दुकान बंद कर अपने घर सोने चला गया था। लेकिन जब सुबह दुकान खोलने आया तो दुकान के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरे पड़े थे। इसके बाद उसने गल्ले को देखा तो उसमें से 51 हजार रुपये कैश गायब थे।

इसके अलावे बिस्किट साबुन समय कई अन्य सामान दुकान से गायब पाए गए। हालांकि इस संबंध में जब प्रभारी थानाध्यक्ष सुनील कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पीड़ित पक्ष के द्वारा अभी तक ना तो फोन द्वारा सूचना दी गई है ना ही लिखित शिकायत की गई है। जबकि पीड़ित व्यक्ति द्वारा बताया जा रहा है कि मेरे द्वारा इसकी शिकायत थाने में लिखित आवेदन के माध्यम से की गई है। अब सवाल यह है कि सच कौन बोल रहा है। यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है। आपको बता दें कि अभी पूर्व में हुई चोरियों की गुत्थी सुलझी भी नहीं है कि चोरों ने चोरी की एक और घटना को अंजाम दे पुलिस के लिए चुनौती खड़ी कर दी है।

वार्ड सदस्यों का आरोप... धमकी देते हैं तियरा मुखिया, लठैतों के बल पर करवाते हैं हस्ताक्षर

- बोले वार्ड सदस्य, ग्राम सभा की बैठक तक की नहीं दी जाती जानकारी

केटी न्यूज/राजपुर

प्रखंड के तियरा पंचायत के मुखिया की मनमानी तथा वार्ड सदस्यों की उपेक्षा का मामला गरमाते जा रहा है। गुरुवार को वार्ड सदस्यों ने प्रखंड कार्यालय पहुंच बीडीओ को अपना मांग पत्र सौंपा। जिसमें मुखिया उषा देवी तथा उनके प्रतिनिधि रामअवतार राम पर वार्ड सदस्यों को धमकाने व झूठे मुकदमें में फंसाने, बिना सूचना दिए कागज पर ग्राम सभा की बैठक कराने तथा लठैतों के बल पर जबरन वार्ड सदस्यों से हस्तारक्षर करवाने, 15 वेंए 16 वें वित तथा मनरेगा योजना में धांधली करने के साथ ही वार्ड सदस्यों की उपेक्षा जैसे गंभीर आरोप लगाए गए है। इसके पहले प्रखंड कार्यालय के बाहर एकजुट हुए वार्ड सदस्यों ने मुखिया के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया तथा कहा कि जब तक विकास योजनाओं में उनकी सहभागिता नहीं होगी तथा कागज के बदले मुखिया द्वारा धरातल पर ग्राम सभा नहीं करवाया जाता है। तब तक लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रहेगा। वार्ड सदस्यों ने कहा कि मुखिया उनकी एक न सुनते है तथा अपनी मर्जी से योजनाओं का चयन व क्रियान्वयन करते है। यहां तक बिना वार्ड सदस्यों को जानकारी दिए उनके वार्ड में दो-दो स्वच्छताग्रहियों को नियुक्त कर दिया गया है। इसके अलावे वार्ड सभा के बदले सदस्यों के घर मुखिया अपने आठ-दस निजी लोगों के साथ रजिस्टर भेज हस्ताक्षर कराते है। जो सदस्य विरोध करते है उन्हें दलित उत्पीड़न ऐक्ट में फंसाने की धमकी दिया जाता है। बीडीओ को दिए गए मांग पत्र में पंचायत के कुल 13 में से 9 वार्ड सदस्यों ने हस्ताक्षर किया है। विरोध जताने वालों में वार्ड सदस्य विजय सिंह, मंजू देवी, लालजी यादव, आशा किरण राय, मीना देवी, सबीहा परवीन, पुष्पा देवीए उर्मिला देवी तथा धर्मेन्द्र साह शामिल रहे। वार्ड सदस्यों ने बताया कि बीडीओ ने उन्हें इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

जागरुकता कार्यक्रम: स्कूली छात्रों व शिक्षकों को मॉकड्रिल के माध्यम से बताया अग्निकांड से बचाव का तरीका

अग्निशामन विभाग ने ग्रीन दिवाली मनाने का दिया संदेश

- विभिन्न स्कूलों में आयोजित हुआ था कार्यक्रम

केटी न्यूज/डुमरांव

अग्निशामन विभाग की टीम ने गुरुवार को डुमरांव के कई शिक्षण संस्थानों में जागरूकता शिविर लगा छात्रों तथा शिक्षकों को मॉक ड्रिल के माध्यम से अग्निकांड से बचाव के तरीके बताए गए। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण तथा सुरक्षा के लिहाज से ग्रीन दीपावली मनाने का संदेश दिया। मॉक ड्रिल अग्निशामक पदाधिकारी विजेंद्र कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा था। इसके तहत स्कूली छात्रों तथा शिक्षकों को गैस सिलेंडर में आग लगाने के बाद स्कूली बच्चे एवं शिक्षकों को सर्वप्रथम बचाव का तरीका बताया गया। विभाग की टीम ने सिलेंडर में आग लगने के दौरान बरती जाने वाली सावधानी को अभिनय के माध्यम से बता छात्रों को बड़े ही रोचक ढंग से प्रेरित किया। यही नहीं अग्निकांड से बचाव के लिए कई बिंदुओं पर छात्रों, शिक्षकों तथा आम लोगों को जागरूकर किया गया।

खाना पकाने समय सावधानी बरतें महिलाएं : फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बताया कि रसोईघर में खाना पकाने के दौरान महिलाओं को कई सावधानी बरतनी चाहिए। उनके कपड़े तथा सिलेंडर में लगी आग को बुझाने के वैकल्पिक साधनों की जानकारी भी दी गई। इसके अलावे बताया गया कि गर्मी के दिनों सुबह में हवा शुरू होने से पहले और शाम में हवा शांत होने के बाद घर में चूल्हा जलाना चाहिए। इससे आगलगी की संभावना काफी कम रहती है। यह मॉकड्रिल शहर के साइंस इंग्लिश क्लासेस, डीसीसी कॉम्पिटेटिव क्लासेस, एसओई कॉमर्स क्लासेज, थ्री स्टार, एम्बिशन और आदर्श क्लासेज जैसे निजी शिक्षण संस्थानों में चलाया गया था।

दूसरों को भी प्रेरित करने का दिया संदेश : साथ ही, फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने छात्रों तथा शिक्षकों से पर्यावरण संरक्षण तथा सुरक्षा को देखते हुए उच्च क्षमता वाले पटाखों की जगह ग्रीन दीपावली मनाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों ने अग्निशामन विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह छात्रों के जीवन में काम आने वाली बातें है। इसको अपना हम जान माल की क्षति को कम कर सकते है। जबकि आगलगी की घटनाओं को रोकने में भी यह प्रशिक्षण काफी उपयोगी साबित होगा। शिक्षकों ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को उतार हम आगलगी की घटनाओं तथा उससे होने वाले नुकसान को काफी कम कर सकते है। छात्रों ने भी ध्यान पूर्वक प्रशिक्षण में बताई गई बातों को सुना तथा इसे अपने परिजनों तथा पड़ोसियों से साझा करने की बात कही।

छोटी खबरें

पर्व को लेकर नौ प्वाइंटों पर ट्रैफिक रूट डायवर्ट

गाजीपुर। धनतेरस, दीपावली त्योहार के मद्देनजर 21 से 24 अक्तूबर तक नौ प्वाइंटों पर रुट डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी। यह जानकारी यातायात प्रभारी सुशील कुमार मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि सुबह आठ से रात नौ बजे तक नगर के विशेश्वरगंज से मिश्रबाजार की तरफ, गजल होटल से मिश्रबाजार की ओर किसी भी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। नखास से किसी प्रकार के वाहनों को चीतनाथ की ओर और गोइजीतर मोड़ से किसी भी प्रकार के वाहन कोतवाली की तरफ तथा आमघाट तिराहा से कोतवाली की ओर नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रकाशनगर चौराहा से भारी वाहनों का शहर में आवागमन पूर्णयता प्रतिबंधित रहेगा। रौजा तिराहा से भारी वाहन का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

राजस्व टीम ने सरस्वती शिशु मंदिर की बताई जमीन

मऊ। कोपागंज नगर पंचायत के मोहल्ला दोस्तपुरा में स्थित संघत के मैदान के मालिकाना हक को लेकर राजस्व निरीक्षक राम कीर्ति सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रामलीला कमेटी और सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधक समिति की बैठक करते हुए मौजूदा अभिलेखों के आधार पर विवादित जमीन सरस्वती शिशु मंदिर का बताया। इस पर राम लीला कमेटी के सदस्यों ने राजस्व टीम और प्रबंधक समिति पर मिलीभगत का आरोप लगाया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार यादव ने कहा कि एक हफ्ते के अंदर संस्कृत पाठशाला ने नाम से दर्ज भूमि को राजस्व कर्मियों और विद्यालय प्रबंधक समिति के मिलीभगत से अभिलेखों में छेड़छाड़ करते हुए गलत तरीके से भूलेख में सरस्वती शिशु मंदिर का नाम दर्ज किया गया है।

वादा किया तो निभाना पड़ेगा नहीं तो जेल

बलिया। भारतीय जन नायक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष यादव ने गुरुवार कहा कि हमारी पार्टी गरीब शोषित पिछड़ों दलितों सभी की आवाज है सब के हक की लड़ाई लड़ती है और नए नए कानून लेकर आने की तैयारी में है। जैसे आरटीपी राइट टू प्रॉमिस। पूरे हिंदुस्तान में ऐसी राजनीतिक व्यवस्था में क्लीन पॉलिटिक्स के लिए कोई ऐसी पार्टी नहीं आई जो आरटीपी जैसे कानून की मांग करता हो, यानी वादा किया तो निभाना पड़ेगा नहीं तो जेल जाना पड़ेगा। ऐसे कानून को हम लोग लेकर आ रहे हैं।

फेफना-रसड़ा रेलखंड के दोहरीकरण का कार्य पूरा, 120 की स्पीड से दौड़ी ट्रेन

- रेल संरक्षा आयुक्त ने विद्युतीकरण सहित नवनिर्मित दोहरी लाइन का किया निरीक्षण

केटी न्यूज/वाराणसी



पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के फेफना-रसड़ा (22.41किमी) रेलखंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण कार्य पूरा हो चुका है। जिसको लेकर मोहम्मद लतीफ खान, रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्वी सर्किल ने विद्युतीकरण सहित नवनिर्मित दोहरी लाइन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर रेल संरक्षा आयुक्त के साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) राजीव कुमार, मंडल रेल प्रबंधक (वाराणसी) रामाश्रय पांडेय, मुख्य परियोजना प्रबंधक रेल विकास निगम लिमिटेड विकास चन्द्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक राहुल श्रीवास्तव, मुख्य इंजीनियर (निर्माण) अखिलेश त्रिपाठी, मुख्य विद्युत जनरल इंजीनियर ओपी सिंह, मुख्य सिगनल इंजीनियर पीके राय, उप मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त बलबीर यादव, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) आरएन सिंह, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर रजत प्रिय, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबन्धक (सामान्य) एके सक्सेना, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आशुतोष शुक्ला, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) पंकज केशरवानी, मंडल इंजीनियर सामान्य पीपी कुजूर समेत मुख्यालय गोरखपुर, वाराणसी मंडल एवं निर्माण संगठन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान सीआरएस ने फेफना से रसड़ा ब्लॉक खण्ड पर लाइन फिटिंग्स पर ओवर हेड ट्रैक्शन लाइन की ऊंचाई, मानक के अनुरूप क्रॉसओवर लाइन विद्युत कर्षण लाइन फिटिंग्स, ओवर हेड ट्रैक्शन लाइन की नई लाइन से मानक ऊंचाई, कर्वेचर एवं पुल-पुलियाओं का संरक्षा निरीक्षण किया एवं दोहरीकरण के अनुरूप समपार फाटकों बूम लॉक व हाइट गेजों के संस्थापन सुनिश्चित किया ।

इन लाइनों के दोहरीकरण से वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराकर भीड़भाड़ वाले उत्तर मध्य रेलवे मार्ग पर दबाव कम होगा। फेफना-मऊ-शाहगंज खंड के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी प्रदान करता है। इस प्रकार इस खंड के दोहरीकरण से वाराणसी मंडल पर यात्री यातायात में राहत मिलेगी। दोहरीकरण के बाद इस खंड पर अधिक संख्या में माल/यात्री ट्रेनें चलाई जा सकती हैं। इससे इस रेल खण्ड से जुड़े स्थानों की जनता की आर्थिक समृद्धि होगी और क्षेत्रों का विकास भी होगा। निरीक्षण के अंत में रेल संरक्षा आयुक्त ने सीआरएस स्पेशल गाड़ी से रसड़ा से फेफना का स्पीड ट्रायल अधिकतम 120 किमी प्रति घंटे की गति से पूरा किया।

महिलाओं को 50% आरक्षण दिलाने के लिए होगी महिला अधिकार रैली : ओपी राजभर

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सावधान यात्रा के तहत महारैली का हुआ आयोजन

केटी न्यूज/गाजीपुर

- पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने उठाया जनता का मुद्दा
- रैली के माध्यम से सरकार को दी चेतावनी, लोगों से यात्रा को सफल बनाने का आह्वान

जिले के भदेसर में गुरुवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सावधान यात्रा के तहत महारैली का आयोजन हुआ। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने जो ताकत दी है, उसके हाथ में आने पर 38 फीसदी अति पिछड़ा व दलितों के जीवन की दिक्कतें दूर हो जाएंगी। जिस दिन ये 38 फीसदी लोग अपने पावर को एकजुट कर लेंगे, 24 घंटे के अंदर पूर्ण शराबबंदी राज्य में हो जाएगी। बिहार, गुजरात, पांडिचेरी की तरह यूपी में पूर्ण शराबबंदी होगी। उन्होंने कहा कि महतारी, बहिन लोग ध्यान से सुन महिलावन के 50 फीसदी आरक्षण दियावे के बदे आंदोलन करेके पड़ी। पटना की रैली संपन्न होते ही वह महिला आरक्षण अधिकार रैली शुरू करेंगे। इस रैली के माध्यम से महिलाएं बताएंगी कि अधिकार नहीं दोगे तो झाड़ू-बेलन से खातिरदारी होगी।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने सुहेलदेव सेना का गठन किया है। यह सेना समाज के युवाओं को अपने से जोड़कर उन्हें उनकी योग्यता के मुताबिक प्रशिक्षण दिलाने का काम करेगी और रोजगार से जोड़ेगी। पार्टी इन युवाओं को सिपाही, दारोगा, बाबू, चपरासी बनाने का काम करेगी। उन्होंने मुफ्त बिजली, गरीबों का मुफ्त इलाज, एक समान निशुल्क शिक्षा के लिए कानून बनाने के लिए वह दिल्ली तक लड़ाई लड़ रहे हैं। भर, राजभर बिरादरी को एसटी में शामिल करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के माध्यम से दिल्ली सरकार को भेज दिया गया है। अब इसके लिए हर जिले से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट दिल्ली पहुंचते ही वह दिल्ली जाएंगे और इसे लागू कराने के लिए प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मिलेंगे।

ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि भर, राजभर जाति को एसटी का दर्जा दिलाने का काम कोई लोडर नहीं कर सकता है, लोडर कभी नेता हो भी नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारें अमीर उद्योगपतियों के एक लाख करोड़ से अधिक का कर्जा माफ कर सकती है तो गरीबों के घरेलू बिजली का बिल भी माफ किया जाना चाहिए। उनकी पार्टी मुफ्त बिजली, नि.शुल्क व एक समान शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, निजी और सरकारी सभी हास्पिटलों में सरकार के खर्चे पर गरीबों व आम आदमी के इलाज की लड़ाई लड़ रही है।

उन्होंने कहा कि वह देश व प्रदेश में जातीय जनगणना कराने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनके इस आंदोलन व मुहिम से सरकारें दबाव में हैं। जनता इस मुद्दे पर जितनी जल्दी मुखर होगी उतनी जल्दी इसे कराने में सफलता मिल जाएगी। जातीय जनगणना के माध्यम से समाज के दबे, कुचले, अति पिछड़ों, दलितों और गरीबों को उनका हक दिलाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के लिए उनकी लड़ाई निरंतर जारी रहेगी। यह सावधान यात्रा गरीबों, वंचितों, दलितों, अति पिछड़ों को जगाने के लिए शुरू की गई है। हर रैली में लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। यह हुजूम सरकारों को यह संदेश दे रहा है कि प्रदेश का यह वर्ग अपने हक के लिए जागरूक हो चुका है। जातीय जनगणना कराने का दबाव सरकारों पर बन रहा है।

उन्होंने कहा कि 5.5 साल से वह विधानसभा में हैं और 9.38 करोड़ रुपये गरीबों के इलाज के लिए दे चुके हैं। अब इस देश में एक कानून बने गरीब किसी भी जाति का हो उसके इलाज व आपरेशन का खर्च सरकार दे। लोगों को रोजगार चाहिए। आज नौजवान बेरोजगार हो रहे हैं। कक्षा चार से ही रोजगारपरक शिक्षा दी जाए। तकनीकी शिक्षा के 100 विषय बनें। उन्होंने रैली में उमड़े जनसमूह से आह्वान किया कि 27 अक्तूबर को गांधी मैदान पटना में प्रस्तावित महारैली में पहुंचे। घर से सतुआ पिसान बांधकर निकले और ट्रेन में बैठ जाएं। कार्यक्रम का संचालन ज़िला प्रभारी सुरेंद्र राजभर व अध्यक्षता ज़िलाध्यक्ष लल्लन राजभर ने की।

सीआरपीएफ जवान की मौत, पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

झारखंड के गिरिडीह में हुई घटना से जवानों में शोक

केटी न्यूज/गाजीपुर

सादात थाने के शिकारपुर निवासी सीआरपीएफ जवान संतोष यादव (40) का मंगलवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई। वाकया झारखंड के गिरिडीह में परेड के दौरान हुआ। जवान का पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। सीआरपीएफ वाराणसी के असिस्टेंट कमांडेंट के नेतृत्व में जवानों ने अंतिम सलामी दी। सैदपुर के जौहरगंज स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। शिकारपुर गांव निवासी संतोष यादव (40) वर्ष 1999 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे। वे वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ में तैनात थे। कुछ दिन पूर्व वह झारखंड के गिरिडीह में ट्रेनिंग लेने आए थे। मंगलवार की सुबह परेड के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई थी। उन्हें उपचार के लिए ले जाया गया था, जहां हृदयगति रूकने से निधन हो गया।

इधर परिजनों को घटना की जानकारी होते ही कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही प्रयागराज से पत्नी और दोनों बच्चे भी गांव पहुंच गए थे। जवान के दोनों बच्चे प्रयागराज में रहकर पढ़ाई करते हैं। पार्थिव शरीर दूसरे दिन सुबह 9.30 बजे उनके पैतृक गांव शिकारपुर पहुंचा। गांव में कोहराम मच गया। सैकड़ों की भीड़ के बीच जैसे ही जवान का पार्थिव शरीर वाहन से उतरा, उसे देखकर घर परिवार के लोग दहाड़े मारकर रोने बिलखने लगे। वहां उपस्थित लोगों की आंखे भी नम हो गई। पत्नी अनिता यादव का रो रोकर बुरा हाल था। उनके बड़े पुत्र लकी और पुत्री कली अपने पिता का मृत देखकर अचेत हो गए। जवान के पिता चन्द्रदेव के आंखों से गिर रहे आंसू को देख वहां लोगों के आंखों में आंसू भर गया। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव और सीआरपीएफ वाराणसी के असिस्टेंट कमांडेंट सुजय कुमार के नेतृत्व में जवानों ने सलामी दी। इस दौरान संतोष यादव अमर रहे के नारों से वातावरण गूंज उठा। सेना और सीआरपीएफ में भर्ती होने की तैयारी करने वाले क्षेत्र के सैकड़ों युवक नारे लगाते रहे। सैदपुर के जौहरगंज स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में वृहद रोजगार मेले का आयोजन

केटी न्यूज/गाजीपुर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल की उपस्थित में दीप प्रज्जवलित कर रोजगार मेले का शुभारंभ किया। जिला सेवायोजन अधिकारी/जिला समन्वयक, कौ0वि0मि0, एवं लाभार्थियों द्वारा अतिथि का स्वागत किया गया। अध्यक्ष जी ने बताया कि कौशल विकास, जिला सेवायोजन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में 42 से अधिक कंपनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 4200 से अधिक बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रमुख कम्पनियों में मुख्य रूप से महेंद्रा ऑटो मैन पॉवर, रोहित हाइब्रिड सीड्स, एल एंड टी कंपनी, डाबर आयुर्वेद, मारूती सुजुकी, वीवा जेन ब्यूटी सैलून द्वारा विभिन्न पदों पर लगभग 2375 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा नियुक्त प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। सरकार की मंशा है कि अधिक से अधिक लोगों रोजगार प्राप्त हो, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि आगामी रोजगार मेले में भी अभ्यर्थी ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग करे।

नारी शक्ति मिलकर जिले व नगर का सामूहिक विकास करेंगे : सपना सिंह

- नगर पालिका क्षेत्र में प्रोफेसर कालोनी की सड़क का किया गया लोकार्पण
- जिला पंचायत अध्यक्ष ने की विकास कार्यों की प्रशंसा

केटी न्यूज/गाजीपुर

नगर पालिका परिषद गाजीपुर द्वारा शहर के विकास कार्यों के लोकार्पण का सिलसिला लगातार जारी है। उसी क्रम में नगर के प्रोफेसर कालोनी में नव निर्मित इंटरलाकिंग सड़क व ढक्कनयुक्त नाली का लोकार्पण जिला पंचायत की अध्यक्ष सपना सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व लोकसभा गाजीपुर के संयोजक श्रीकृष्ण बिहारी राय एवं नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्रीकृष्ण बिहारी राय ने कहा कि नगर की जनता ने जिस विश्वास के साथ सरिता अग्रवाल को अपने मतों से जीत दिलाई थी, उस विश्वास पर सरिता अग्रवाल व उनके पति विनोद अग्रवाल खरा उतरे हैं। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण यहां के लोकार्पण के कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रवासियों के सम्बोधन से प्रतीत होता है। हम कह सकते हैं कि जिस प्रकार बिना भेदभाव के दलीय, जातीय एवं क्षेत्रीय समीकरण से ऊपर उठकर अग्रवाल दम्पत्ति ने विकास का माडल दिखाया है वह प्रशंसनीय है।

जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वो और सरिता अग्रवाल जी दोनों लोग हमेशा किसी न किसी कार्यक्रम में मिलते रहते हैं। इसलिए इनसे काफी लगाव सा हो गया है। हम दोनों नारी शक्ति मिलकर जिले व नगर का सामूहिक विकास करेंगे। हम चाहते हैं कि अगला कार्यकाल भी सरिता जी का ही हो ताकि मेरा साथ बना रहे। भाजपा के जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय ने विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि निश्चित रूप से हम कह सकते हैं कि जिस प्रकार से नगर के विकास के लोकार्पण का सिलसिला चल रहा है। उससे यह प्रमाणित होता है कि नगर में चारो तरफ प्रत्येक क्षेत्र में सामूहिक विकास हुआ है। भाजपा के जिला महामंत्री दयाशंकर पांडेय ने कहा कि वास्तव में गाजीपुर नगर को संवारने व सजाने का कार्य सरिता अग्रवाल ने किया है एवं कर रही हैं जो स्वागत योग्य है।

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने इस अवसर पर नगर पालिका के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए नगर को स्वच्छ, सुन्दर एवं विकसित हेतु किए जा रहे प्रयास में लोगों से सहयोग करने की अपील की और कहा कि आपके सहयोग बिना कोई भी काम करना मुश्किल रहता है। पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि वार्ड नंबर 17 के प्रोफेसर कालोनी में नवीन सिंह के मकान से अरविन्द कुमार सिंह के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क व ढक्कनयुक्त नाली का लगभग सात लाख की लागत से निर्माण कराया गया है। इस मौके पर रामनरेश कुशवाहा, रासबिहारी राय, राजेश सिंह, अजय सिंह, रंजना रघुवंशी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

एक नजर

अब शिक्षकों की होगी गोपनीय जांच, समिति गठित

गाजीपुर। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी हेमंत राव ने बताया कि जनपद में नियुक्त शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के संबंध में प्राप्त शिकायतों के क्रम में शासन द्वारा जांच समिति गठित की गई है। जिसमें अरूण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) गाजीपुर अध्यक्ष, गोपीनाथ सोनी अपर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर सदस्य एवं हेमंत राव जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सदस्य सचिव हैं। उक्त गठित जांच समिति द्वारा जनपद में कार्यरत शिक्षकों के संबंध में गोपनीय जांच की कार्रवाई गतिमान है। जिसमें एक शिक्षक व एक शिक्षामित्र फर्जी पाए गए। जिसमें प्रकाश यादव सहायक अध्यापक प्रावि बद्दोपुर बाराचवर व रीना कुमारी शिक्षा मित्र प्रावि मालीपुर विख मुहम्मदाबाद की नियुक्ति निरस्त करते हुए कूटरचना के आरोप में श्रीप्रकाश यादव व श्रीमती रीना कुमारी मौर्य के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराए जाने के लिए संबंधित खंड शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया गया। शिक्षक एवं शिक्षामित्र के रूप में श्रीप्रकाश यादव व श्रीमती रीना कुमारी मौर्य द्वारा अद्यतन प्राप्त किए गए। वेतन की वसूली के लिए वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा एवं संबन्धित खंड शिक्षा अधिकारी को आगणन के लिए निर्देशित किया गया। उक्त के साथ ही और शिक्षकों के संबंध में भी जांच की कार्रवाई गतिमान है। जिनके अंक पत्रों प्रमाण पत्रों को सत्यापन के लिए संबन्धित बोर्ड एवं विश्वविद्यालय को भेजा गया है। सत्यापन आख्या प्राप्त होने के पश्चात जांच समिति द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

राजकीय बालगृह पहुंचीं जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल, बालिकाओं को दिया दिवाली का तोहफा

बलिया। राजकीय बाल गृह (बालिका) निधरिया में गुरुवार को निवासरत बालिकाओं को दिवाली के त्यौहार पर जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने दो सेट कपड़े, जूता, मोजा, बालिकाओं के छोटे बच्चों को दो सेट कपड़ा, बेबी किट एवं पालना के साथ मिठाई का वितरण किया गया है। साथ ही, जिलाधिकारी ने बालिकाओं से उनकी शिक्षा, कौशल एवं अन्य रूचियों पर विस्तार से वार्ता की। जिलाधिकारी ने प्रभारी अधीक्षिका को निर्देशित किया कि बालिकाओं के लिए एक लाईब्रेरी एवं इच्छुक बालिकाओं का शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश एवं कौशल विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये, उनकी रूचि के अनुसार प्रशिक्षिण दिलाने का कार्य किया जाए। जिलाधिकारी से उपहार पाते हुये बालिकाओं में हर्षोल्लास का महौल देखा गया। इस अवसर जिलाधिकारी ने संस्था में पौधरोपण भी किया गया। संस्था में जिलाधिकारी के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रभारी अधीक्षिका राजकीय बाल गृह (बालिका) निघरिया, बलिया उपस्थित रहे है।

विद्युत विभाग टीम के साथ गाली गलौज एवं मारपीट

बलिया। विद्युत चेकिंग के दौरान विद्युत विभाग के टीम से के साथ गाली गलौज एवं मारपीट का मामला प्रकाश में आया है ।मामला मनियर थाना क्षेत्र के धसका गांव का है। घटना के दिन अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र मनियर कैलाश कुमार राव ने 2 लोगों के विरुद्ध मनियर थाने में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, गाली गलौज करने, सरकारी दस्तावेज फाड़े जाने, जान से मारने की धमकी देने की तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर मनियर पुलिस ने संबंधित धारा में मंतोष एवं अंतोष कुमार पुत्र गण हीरालाल राजभर निवासी धसका थाना मनियर जनपद बलिया के विरुद्ध मुकदमा संबंधित धारा में दर्ज कर लिया है। इस संदर्भ में जेई कैलाश कुमार राव ने बताया कि हमारे कर्मचारी गए थे, वो भी वहां था। उनके साथ मारपीट की गई है। गाली गलौज भी की गई है तथा सरकारी कागजात फाड़े गए हैं। इस संबंध में एसएचओ मनियर आरआर यादव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मारपीट नहीं हुई है। धक्का-मुक्की हुई है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तारी के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

खेल प्रतियोगिता में स्कूली छात्रों ने दिखाया दमखम

मऊ। कोपागंज ब्लाक क्षेत्र के सेनुराइच स्थित आंबेडकर प्राथमिक विद्यालय पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्रों ने अलग-अलग प्रतियोगिता में दमखम दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र कुमार गोयल ने मॉ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अ?र्पित कर किया। प्राथमिक स्तर 50 मीटर दौड़ बालक संवर्ग में अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यायल भेलाबांध के विवेक कुमार प्रथम तो अंकुर कुमार कंपोजिट विद्यालय लिलारी भरौली द्वितीय रहे। इसी क्रम में बालिका संवर्ग प्राथमिक स्तर में रोशनी अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय भेलाबांध प्रथम तथा प्रतिभा कंपोजिट विद्यायल कनियारीपुर दूसरे स्थान पर रही।जबकि 100 मीटर दौड़ प्राथमिक स्तर बालक संवर्ग में निखिल कुमार अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय फिरोजपुर प्रथम अंकुर कुमार लिलारी भरौली द्वितीय तथा 100 मीटर बालिका संवर्ग में अंग्रेजी माध्यम भेलाबांध प्रथम ओर कंपोजिट विद्यायल की प्रतिभा दूसरे स्थान पर रहीं। इसी प्रकार कबड्डी प्राथमिक स्तर बालक कंपोजिट विद्यालय लिलारी भरौली प्रथम, प्राथमिक विद्यायल भर्तिया कादीपुर दूसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सेंदुराईच संजय कुमार यादव, राजेश कुमार गुप्ता, शकील अहमद, संजय कुमार, अशोक कुमार मिश्र, शिवकांत सिंह, हरिशंकर, अरुण कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहें।